हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 11 मार्च 2026

04 सकारात्मक दिशा के साथ युवा भविष्य संवारने का...




07 शादी विवाह का सीजन शुरू होते ही सक्रिय हो जाते हैं ...





## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत के आयोजन 14 मार्च को

**सागर**। जिला उपभोक्ता आयोग सागर में 14 मार्च शनिवार को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग सागर के लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक संबंधित अधिवक्तागण / पक्षकार उपस्थित होकर परस्पर राजीनामें एवं समझौते से प्रकरणों के निराकरण के संबंध में उपस्थित होंगे।



### जनसुनवाई में हुई 156 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर**। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 156 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रावत, संयुक्त कलेक्टर आरती यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई। जिले के 156 आवेदकों के प्रकरणों में सुनवाई कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया गया।

### खुरई में नवीन श्रमिक परिचय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**सागर**। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी की ओर से मंगलवाार को खुरई में नवीन श्रमिकों के लिए परिचय प्रशिक्षण कार्यक्रम योजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान श्रमिकों को कंपनी के नियम एवं विनियमों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा सुरक्षित कार्य वातावरण बनाए रखने के आवश्यक उपायों से अवगत कराया गया। इसके साथ ही शिविर में स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सुरक्षा से संबंधित आवश्यक मानकों पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों को सुरक्षित, अनुशासित एवं जिम्मेदार कार्य प्रणाली के प्रति जागरूक करना तथा कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी मानकों के पालन के लिए प्रेरित करना है। गौरतलब है कि नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा खुरई में विकास कार्य किए जा रहे हैं।

## रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 की संभागीय समीक्षा बैठक संपन्न

# रबी उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं उपार्जन के साथ परिवहन भी सुनिश्चित करें: अपर मुख्य सचिव रश्मि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

रवि उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं एवं उपार्जन के साथ परिवहन भी सुनिश्चित किया जाए साथ ही किसान भाई स्लॉट बुकिंग के अनुसार ही उपार्जन करें इसी के साथ प्रदेश में पेट्रोल डीजल एवं गैस की कोई कमी नहीं है चिंता करने की कोई बात नहीं। उक्त निर्देश अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग रश्मि अरुण शमी ने वीडियो क्रांफ्रेंस के माध्यम से रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेंहूँ उपार्जन की तैयारी हेतु आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में दिए।रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेंहूँ उपार्जन की तैयारी हेतु अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग रश्मि अरुण शमी की अध्यक्षता में संभागीय समीक्षा बैठक वीडियों क्रांफ्रेंस के माध्यम से एनआईसी भोपाल से बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी, कलेक्टर संदीप जी आर, अपर कमिश्नर पवन जैन, अपर कलेक्टर अविनाश रावत, जॉइंट कमिश्नर विनय द्विवेदी, उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी, उपयुक्त सहकारिता महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, जिला प्रबंधक मध्य प्रदेश स्टेट सप्लाई कॉरपोरेशन, जिला प्रबंधक मध्य प्रदेश वेयर हाउस, जिला विपणन अधिकारी, मार्कफेड, नापतोल निरीक्षक, जिला आपूर्ति अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी ने कहा कि एसडीएम/तहसीलदार पंजीकृत किसानों का शत प्रतिशत सत्यापन करें। उन्होंने कहा कि पंजीयन में किसान द्वारा उल्लेखित फसल/ रकबा एवं गिरदावरी मे दर्ज फसल/रकबा में भिन्नता, विगत वर्ष के पंजीयन से 50% अधिक पंजीकृत रकबा वाले किसान, 5 हेक्टेयर से अधिक रकबे वाले किसान, सिकमी, बटाईदार, कोटवार वन पट्टाधारी किसानों का सत्यापन किया जाए। इसी प्रकार भू-अभिलेख डाटा एवं पंजीयन में किसान के नाम में भिन्नता की भी जांच की जावे। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूँ उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अपर मुख्य सचिव शमी ने कहा कि उपार्जन केंद्र पर हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन एवं विद्युत/जनरेटर सुविधा, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण कम्प्यूटर, प्रिंटर, डोंगल, स्कैनर, लेपटॉप, बैटरी जैसी तकनीकी सुविधाओं की व्यवस्था की जावे। इसी प्रकार उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर अपनी फसल का उपार्जन कराने आए किसानों की सुविधाओं प्रतीक्षा कक्ष, दरियां, टेबल, कुर्सी, पेयजल, शौचालय, छाया, बिजली आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि उपार्जन सही हो इसके लिए उपार्जन केन्द्रों पर नमी मापक यंत्र बड़ा छन्ना, पंखे, परखी एवं ग्रेडिंग मशीन जैसे उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

अपर मुख्य सचिव शमी ने कहा कि किसानों को उपार्जन एवं मौसम संबंधी जानकारी त्वरित गति से मिल सके इस हेतु सूचना पटल उपार्जन बैनर, मापदण्ड, भुगतान एवं टोल फ्री नंबर का प्रदर्शन किया जाए। मौसम संबंधि घटनाओं एवं वर्षा से किसानों की फसल को नुकसान न हो इस हेतु उपार्जन केंद्रों पर तिरपाल, कवर, ड्रेनेज व्यवस्था, अग्निशमन यंत्र, रेत, बाल्टियां जैसी सुरक्षात्मक सुविधाएं, न्यूनतम 4 बड़े इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे एवं वे-ब्रिज (धर्मकांटा), परखी, इनेमल प्लेट, प्लास्टिक की सेम्पल थैलियों, कपडे की थैलियां चपडा, मोमबत्ती, माचिस, एजेंसी की पीतल की सील, साफ-सफाई हेतु कस्टम हायरिंग/आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से आवश्यक सफाई उपकरण की उपलब्धता, बायोमेट्रिक उपकरण, हेल्प डेस्क, प्रशासनिक हॉल, गुणवत्ता परीक्षण कक्ष और उपकरण, अनलोडिंग क्षेत्र, तौल मशीन एवं प्रमाणीकरण, अस्थाई भंडारण व्यवस्था सुनिश्चित की जावे।

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूँ उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी ने कहा कि उपार्जन में किसी भी प्रकार की अभिलेखीय देरी से बचने एवं किसानों को उनके उपार्जन संबंधी समस्त रशीदें तुरंत उपलब्ध कराने हेतु उपार्जन केन्द्रों पर उपार्जन केन्द्र हेतु नामित अथवा नियोजित प्रबंधन प्रभारी, संस्था द्वारा नियोजित डाटा एन्ट्री आपरेटर जो की सीपीसीटी अथवा डिप्लोमा/डिग्रीधारी व्यक्ति हो। तौल-कांटे संचालन करने हेतु आवश्यक संस्था में तुलावटी एवं हम्माल,वे-ब्रिज की दशा में नियोजित/नामित वे-ब्रिज प्रभारी, गुणवत्ता परीक्षक/सर्वेयर को नियुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिक उपार्जन मात्रा की संभावना वाले केन्द्रों में उपार्जन मात्रा के आधार पर अतिरिक्त कर्मचारियों, तौल कांटों, कम्प्यूटर आदि की व्यवस्था संस्थ द्वारा स्वयं की आय/कमीशन में से सुनिश्चित की जायेगी।

### स्लॉट बुकिंग की व्यवस्था

किसान अपनी फसल के उपार्जन हेतु ऑनलाइन के माध्यम से स्लॉट बुक कर सकते हैं। किसान पोर्टल पर स्लाट बुकिंग में दिनांक, विक्रय योग्य की मात्रा, उपार्जन केंद्र का कोड एवं नाम से स्लॉट बुक कर सकते हैं। स्लॉट बुकिंग की पुष्टि सीएमएस/ ओटीपी के माध्यम से सोमवार से शुक्रवार तक की जा सकेगी; स्लॉट की बुकिंग किसी भी उपार्जन केन्द्र के लिए की जा सकती है। स्लॉट बुकिंग कुल विक्रय योग्य मात्रा की एक बार में ही करनी होगी। स्लॉट बुकिंग की वैधता अवधि 07 कार्य दिवस तक रहेगी।

### गुणवत्ता परीक्षण मोबाइल ऐप के द्वारा किया जाएगा

फसल खरीदी में फसल की गुणवत्ता परीक्षण मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जायेगा यह मोबाइल ऐप 02 स्तरों पर कार्यरत रहेगा। उपार्जन केन्द्र सर्वेयर एप गुणवत्ता नियंत्रक (सर्वेयर) द्वारा किसान के स्कंध की गुणवत्ता की प्रविष्टि की जाएगी, अमानक होने पर दोबारा पृविष्टि का प्रावधान (48 घण्टे बाद) अमानक होने पर केन्द्र परिवर्तन प्रतिबंधित रहेगा।



### समाजसेवा की मिसाल: 'सिंटू' के नाम से पहचाने जाने वाले पारितोष कटारे जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित

**सागर**। निस्वार्थ समाजसेवा और जमीनी स्तर पर मानवीय सहायता के लिए पहचाने जाने वाले पारितोष कटारे, जिन्हें शहरवासी आत्मीयता से 'सिंटू कटारे' के नाम से जानते हैं, को जिला प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। 6 मार्च को कलेक्टर संदीप जी आर ने उन्हें यह प्रशस्ति पत्र सौंपकर उनकी सराहना की। गौरतलब है कि यह सम्मान मूलतः गणतंत्र दिवस पर दिया जाना था, लेकिन तकनीकी कारण से इसमें दो माह का विलंब हुआ। दरअसल, प्रशासन ने प्रमाण पत्र उनके आधिकारिक नाम 'पारितोष' के नाम से बनाया था, जबकि शहर में वे 'सिंटू' के नाम से लोकप्रिय हैं। मंच से पुकारे जाने पर पहचान स्पष्ट न होने के कारण उन तक सूचना समय पर नहीं पहुंच सकी थी। सिंटू कटारे की सामाजिक प्रतिबद्धता की मिसाल पूरा शहर देता है। वे उन कठिन परिस्थितियों में मदद के लिए खड़े होते हैं, जहाँ अक्सर लोग पीछे हट जाते हैं। श्मशान घाटों पर लावारिस दिवंगतों का अंतिम संस्कार करना हो या सड़क दुर्घटनाओं और आगजनी जैसी आपातकालीन स्थितियों में अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की जान बचाना, सिंटू सदैव तत्पर रहते हैं। कोरोना काल में भी उन्होंने प्रवासी मजदूरों की सहायता और राशन वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसी संकटकाल में श्री कटारे के समक्ष एक ऐसा विषय आया। जिसमें दो वृद्ध दंपती उनके पास आए और बताया कि जीवन का कोई भरोसा नहीं है। हम लोग चाहते हैं कि हमारी बेटियों का ब्याह हमारे जीवित रहते हो जाए। तब सिंटू ने अपने कुछ समाजसेवी मित्रों का सहयोग लेते हुए उन दो गरीब कन्याओं का विवाह सम्पन्न कराया। उनकी सेवा का दायरा केवल इंसानों तक सीमित नहीं है, वे बीमार और दुर्घटनाग्रस्त गोवंश के उपचार व मृत पशुओं के ससम्मान दफनाने की व्यवस्था भी स्वयं करते हैं।




### ज्ञान सागर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में सात दिवसीय पूर्णकालिक आवासीय शिविर का शुभारंभ

**सागर**। ज्ञान सागर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, सागर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में ग्राम पंचायत चावड़ा में सात दिवसीय पूर्णकालिक आवासीय शिविर का भव्य शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. आर. सी. प्रजापति, जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना, जिला सागर, प्राचार्य डॉ. आर.के. जैन तथा ग्राम पंचायत चावड़ा के सरपंच की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ. आर.के. जैन ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का विकास करती है। उन्होंने स्वयंसेवकों को ग्राम विकास, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा जनजागरूकता जैसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. आर.सी. प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि इस सात दिवसीय शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी जनजागरूकता कार्यक्रम, ग्राम भ्रमण तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सके। शिविर का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राहुल विश्वकर्मा द्वारा किया जा रहा है। इस आवासीय शिविर में लगभग 50 स्वयंसेवक छात्र उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं और पूरे सप्ताह ग्राम में विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का संचालन करेंगे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सिविल विभागाध्यक्ष पीयूष पाठक, अजय दांगी नीरेंद्र राजपूत, दयाराम, शिक्षकगण, ग्रामवासी एवं स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




### श्रीयादे माता की शोभायात्रा का सेवादल परिवार ने किया भव्य स्वागत

**सागर**। श्रीयादे माता प्रजापति समाज की कुलदेवी और आराध्या हैं, जिन्हें प्रकृति रक्षक, जीव दयालु और भक्त प्रहलाद की गुरु माना जाता है। सागर मे भी प्रजापति समाज द्वारा कुलदेवी मां श्री श्रीयादे का जुलूस (शोभायात्रा) मुख्य रूप से माघ सुदी बीज के पावन अवसर पर उनकी जयंती या जन्मोत्सव के उपलक्ष्य मे नीलकंठेश्वर मंदिर से निकाला गया जो विजय टाकीज तिराहे से मस्जिद होते हुये तीनबत्ती पहुंचा। जहां शहर कांग्रेस सेवादल परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया गया, यात्रा में सम्मिलित प्रजापति समाज जन पर पुष्पवर्षा की गयी। और पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, लल्ला यादव, परख शुक्ला, तरूण सैनी, रवि जैन, प्रकाश जाटव, आकाश नामदेव आदि जन उपस्थित रहे।

## महिला सशक्तिकरण एवं होली मिलन समारोह का आयोजन, अधिवक्ता संघ ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

गढाकोटा में अधिवक्ता संघ द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला अधिवक्ताओं का सम्मान करना और होली पर्व के अवसर पर आपसी सौहार्द एवं भाईचारे को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा के अध्यक्ष जमील कुरैशी ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मजिस्ट्रेट अम्बर सिंह,तहसीलदार महेश दुबे तथा गढ़ाकोटा थाना प्रभारी शिवम दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत फूलमाला एवं शॉल भेंट कर किया गया।समारोह के दौरान महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला अधिवक्ताओं को विशेष रूप से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही




उपस्थित सभी अधिवक्ताओं का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से न्याय व्यवस्था और अधिक मजबूत होती है तथा ऐसे कार्यक्रम सामाजिक एकता को भी बढ़ाते हैं।

कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के कई सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से लड़िया, ममता चौधरी,नो टरी राकेश शर्मा, राजाराम कोरी, विवेक भागवत, लक्ष्मीकांत पाठक (उच्च न्यायालय देवरी),राजा कुरैशी, टीकाराम पटेल, कोषाध्यक्ष बहराम खान, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश चौबे, शंकर शंभू राय, शशि कुमार खत्री, प्रदीप नेमा सहित अधिवक्ता संघ गढ़ाकोटा के सभी सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सौहार्द के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## आवासीय परिसर में व्यवसायिक गतिविधियां व मैरिज गार्डन संचालित होने पर की गई तालाबंदी

# अनियमितताएं पाए जाने पर निगमायुक्त ने राजस्व अधिकारी को जारी किया कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क एवं दुकानों के किराये की बकाया राशि की वसूली तथा आवासीय भवनों के व्यवसायिक उपयोग की जांच के लिए गठित उड़नदस्ता दल द्वारा विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कर नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई, साथ ही बकाया करों की राशि जमा न करने पर संबंधित परिसरों में तालाबंदी की कार्रवाई भी की गई।

उड़नदस्ता दल ने तिली वार्ड में कैला माता मंदिर के पास विनय केशरवानी द्वारा आवासीय परिसर में आरओ वाटर प्लांट संचालित किया जाना, शासकीय भूमि में ट्यूबवेल, घरेलू नल कनेक्शन का उपयोग, व्यापार अनुज्ञा का अभाव तथा परिसर में बड़ी मात्रा में गंदगी पाए जाने पर स्थल को सील करते हुए तालाबंदी की कार्रवाई की गई।इसी प्रकार अंबेडकर वार्ड स्थित कन्हैया मैरिज गार्डन के मानचित्र की स्वीकृति एवं संपत्तिकर निर्धारण आवासीय




पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई प्रारंभ की गई। वहीं मोतीनगर स्थित आदर्श मैरिज गार्डन का संपत्तिकर निर्धारण भी आवासीय पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई।पंतनगर वार्ड स्थित एक बेकरी प्रतिष्ठान को संपत्तिकर, जलकर एवं कचरा प्रबंधन शुल्क की बकाया राशि तत्काल जमा करने हेतु निर्देशित किया गया। टीम द्वारा मौके पर पंचनामा तैयार कर संबंधित प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई प्रारंभ की गई।

### अनियमितताएं पाए जाने पर राजस्व अधिकारी को नोटिस

निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने उड़नदस्ता दल को विभिन्न स्थानों पर मिल रहीं अनियमितताओं को दृष्टिगत रखते हुए राजस्व अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर जबाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

उड़नदस्ता दल के प्रभारी सहायक आयुक्त आनंद मंगल गुरु ने बताया कि आवासीय परिसरों में व्यवसायिक गतिविधियां संचालित करने तथा घरेलू नल कनेक्शन का व्यवसायिक उपयोग पाए जाने पर कनेक्शन को व्यवसायिक श्रेणी में परिवर्तित करने की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही बिना स्वीकृति के संचालित मैरिज गार्डनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित की जाएगी।नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे नियमानुसार अपने बकाया करों का भुगतान करें तथा भवन उपयोग संबंधी नियमों का पालन करें, अन्यथा नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई के दौरान सहायक आयुक्त आनंद मंगल गुरु, महिला ब्रिगेड की सहायक प्रभारी जया श्रीवास्तव, नीता श्रीवास्तव, विजया श्रीवास्तव, स्वदेश राजा बुंदेला, विकास गुरु, अनिरुद्ध चाचौंदिया, संजय सोनी, देवकुमार चौबे एवं अजय रैकवार उपस्थित रहे।

# यह मिलन सृष्टि की शक्ति और प्रकृति का है: डॉ प्रतिभा तिवारी अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वयं सिद्धा के द्वारा फाग उत्सव के उपलक्ष्य में श्री वृन्दावन गार्डन मकरोनिया रोड़ सागर में पुष्पहोली मिलन समारोह एवं सांस्कृतिक संध्या एवं महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के आदर सत्कार के साथ हुआ। तद्परान्त अध्यक्षीय उद्बोधन, स्वयं सिद्धा सागर की अध्यक्ष डॉ प्रतिभा तिवारी ने कहा कि आज का यह अवसर अत्यंत गौरवमयी है। एक ओर जहां फाग उत्सव और पुष्प होली की खुशबू है, वहीं दूसरी ओर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का पावन पर्व है। यह उत्सव समर्पित है उस शक्ति को, जो घर और समाज दोनों को अपने प्रेम और सामर्थ से सींचती है। आज की यह सांस्कृतिक संध्या नारीत्व के इसी गौरव का जश्न है। फूलों की होली इस बात का प्रतीक है कि नारी का स्वभाव भले ही फूलों सा कोमल हो, लेकिन उसका व्यक्तित्व समाज को महकाने की पूरी ताकत रखता है। आज हम यहाँ



न केवल त्यौहार मनाने आए हैं, बल्कि एक-दूसरे की सफलता और संघर्ष को सम्मान देने आए हैं। यह मिलन सृष्टि की शक्ति और प्रकृति का है। फाग उत्सव सिर्फ रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि हमारे आपसी प्रेम और का है। जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है। आज की नारी अब अबला नहीं, बल्कि सफलता का दूसरा नाम है। हमारी आज की यह सांस्कृतिक संध्या इसी शक्ति और संस्कृति को समर्पित है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सागर की महापौर संगीता सुषील तिवारी ने कहा कि अंतराश्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं केवल एक दिन का विषय नहीं है। हमें अपने वैदिक काल की महिलाओं का स्मरण करना चाहिए कि वो परिवार, युद्ध, यज्ञ एवं गुरूकुल का भी संचालन करती थी। आवष्यकता है महिला अपने में समाहित शक्तियों को प्रस्फुटित करे। क्योंकि आज समाज को अपनी संस्कृति और सभ्यता से अवगत कराना भी महिला का परम उद्देष्य है। आज का यह कार्यक्रम निष्यचय ही रंगों के साथ सामाजिक समरसता का समन्वय है। समाजसेविका शिल्पी भार्गव ने इस रंगारंग कार्यक्रम के लिए डॉ. प्रतिभा तिवारी को बधाई दी।

मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष ने भी अनूठी पहल बताते हुए की सेंटर की सराहना

# सकारात्मक दिशा के साथ युवा भविष्य संवारने का केंद्र दिशा सेंटर : मंडलोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़







मध्यप्रदेश में युवाओं को शिक्षा और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए प्रेरित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की एक सराहनीय मिसाल तब देखने को मिली, जब मध्यप्रदेश मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह ने पुलिस लाइन परिसर में स्थित दिशा लर्निंग सेंटर का निरीक्षण कर इसे अनूठी पहल बताया। इस अवसर पर उनके साथ पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष डॉ सिंह ने सेंटर की शैक्षणिक व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए यहां अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि अगर युवाओं को सकारात्मक वातावरण और सही मार्गदर्शन मिल जाए तो वे अपने जीवन में बड़ी उपलब्धियां आसानी से हासिल कर सकते हैं। मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष डॉ सिंह ने सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं की विशेष रूप से सराहना करते हुए कहा कि यहां विद्यार्थियों को शांत और सुरक्षित अध्ययन वातावरण, सुव्यवस्थित बैठने की व्यवस्था, निःशुल्क वाई-फाई, दैनिक समाचार पत्र, विभिन्न पत्र-पत्रिकाएं तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की उपयोगी पुस्तकों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही समूह अध्ययन जैसी गतिविधियां भी विद्यार्थियों के ज्ञान और आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सकारात्मक और प्रेरणादायी प्रयास युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं और समाज में रचनात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समाज और प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से ही युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने बताया कि दिशा लर्निंग सेंटर में विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेंटर की समय-समय पर निरीक्षण और समीक्षा की जाती है, ताकि आवश्यक सुधार सुनिश्चित किए जा सकें। उन्होंने कहा कि टीकमगढ़ पुलिस का प्रयास है कि युवाओं को सकारात्मक दिशा और प्रोत्साहन मिलता रहे, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर अपने भविष्य को संवार सकें। निरीक्षण के दौरान मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष डॉ. सिंह ने लर्निंग सेंटर में उपलब्ध शांत और एकाग्र अध्ययन वातावरण जैसी व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के हित में पुलिस द्वारा किया जा रहा एक सराहनीय और प्रेरणादायक प्रयास बताया।

कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष डॉ. सिंह को टीकमगढ़ पुलिस के नवाचारों और उपलब्धियों से संबंधित पुस्तक भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर जिला वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. प्रदीप यादव, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल, कोतवाली थाना प्रभारी रविभूषण पाठक, छात्र-छात्राएं, आमजन एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे। मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष डॉ सिंह ने इसे पुलिस द्वारा युवाओं के लिए प्रेरक पहल बताते हुए कहा कि पुलिस लाइन परिसर में संचालित दिशा लर्निंग सेंटर विद्यार्थियों को शांत, सुरक्षित और संसाधनयुक्त वातावरण प्रदान कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद कर रहा है।

# सुरक्षित आवागमन के साथ विकास की नई लहर : सीएमओ शिवि

डामरीकरण से चमक रही तीव्र गति से पलेरा की सड़कें, वर्षों की समस्या से राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

नगर में लंबे समय से कायाकल्प की राह जोत रहा सड़क विकास कार्य अब तेजी से धरातल पर उतरने लगा है। सीएमओ शिवि उपाध्याय के प्रयासों के चलते नगर परिषद द्वारा सीसी सड़कों के निर्माण के साथ किए जा रहे डामरीकरण कार्य ने नगर की तस्वीर बदलनी शुरू कर दी है। विगत कई वर्षो से नगर की सड़को में गड्ढों और जलभराव की समस्या से जूझ रहे नगर वासियो को अब बड़ी राहत मिलने लगी है, जिससे नगर में खुशी और संतोष का माहौल बन रहा है। आधुनिक तकनीक से तैयार की जा रही नगर की ये सड़कें टिकाऊ होने के साथ-साथ बेहतर यातायात व्यवस्था का आधार बनेंगी। विशेषज्ञों के अनुसार सीसी सड़कों पर नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया गया डामरीकरण 20 से 25 वर्षों तक मजबूत बना रहता है, जिससे बार-बार मरम्मत की आवश्यकता नहीं पड़ती और वाहन चालकों को भी सहज व सुरक्षित आवागमन का अनुभव मिलता है।

नगर परिषद की सीएमओ शिवि उपाध्याय ने बताया कि नगरवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर परिषद की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों से न केवल सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित होगा, बल्कि नगर के समग्र विकास को भी नई दिशा मिलेगी। जानकारी के अनुसार आकाश अग्रवाल कंस्ट्रक्शन द्वारा नगर की विभिन्न सीसी सड़कों पर लगभग 2 करोड़ 53 लाख रुपये की लागत से डिवाइडर निर्माण एवं डामरीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में रविवार को नगर परिषद के उपयंत्री की सतत निगरानी में संदीपनी विद्यालय से लेकर नगर के प्रसिद्ध हरितला मंदिर तक सीसी सड़क पर डामरीकरण किया गया। इस दौरान उपयंत्री ने मौके पर ही डामर की गुणवत्ता की जांच की, जो मानकों के अनुरूप पाई गई।

नगर परिषद के अनुसार आगामी चरण में पठेश्वरी मंदिर से नौगांव रोड तक तथा संदीपनी विद्यालय से छोटा बस स्टैंड तक भी डामरीकरण का कार्य कराया जाएगा। इन सड़कों के पूर्ण होने से नगर में यातायात व्यवस्था और अधिक व्यवस्थित व सुगम होने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय बाद नगर परिषद द्वारा विकास कार्यों में लाई गईं इस तेजी को लेकर नागरिकों में उत्साह का माहौल है। नगर परिषद की सीएमओ शिवि उपाध्याय एवं उपयंत्री के प्रयासों की नगरवासी खुले दिल से सराहना कर रहे हैं।

महिला दिवस पर बड़ागांव थाना प्रभारी की पहल

# सम्मान, शपथ और पौधरोपण से दिया नारी सम्मान का संदेश






**बड़ागांव धसान।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विगत दिवस बड़ागांव धसान थाना परिसर में थाना प्रभारी जयंत गोयल द्वारा सम्मान और प्रेरणा से भरा कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा दिए गये निर्देश के अनुसार आयोजित इस समारोह के दौरान बड़ागांव थाना में पदस्थ महिला अधिकारियों तथा एनआरएस की महिला सदस्यों का सम्मान कर नारी शक्ति के प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के प्रति सम्मान, समर्पण और सहयोग की भावना को सुदृढ़ करने के लिए उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने शपथ भी ली। इस अवसर पर थाना परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। थाना प्रभारी जयंत गोयल ने एनआरएस में सेवाएं दे रहीं महिला सदस्यों को सम्मान स्वरूप उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर थाना प्रभारी जयंत गोयल ने कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनकी भागीदारी से ही सामाजिक व्यवस्था मजबूत और सुरक्षित बनती है। उन्होंने सभी महिला सदस्यों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका समर्पण समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम में उपस्थित महिला अधिकारियों और एनआरएस सदस्यों ने इस सम्मान को अपने लिए प्रेरणा बताते हुए समाज में महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा और सम्मान के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर नूरजहां बानों, प्रधान आरक्षक आस्था अवस्थी, भरत लडियां, शैलेन्द्र चौधरी, मनोज अहिरवार, अभिषेक यादव, शुभम कौशिक, अभय प्यासी, रामजी पटेल, आशीष चोबे, राजवीर भदौरिया सहित थाना स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद रहे। थाना पुलिस ने बताया कि उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सम्मान देना ही नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना को मजबूत करना भी है। इस प्रेरणादायक आयोजन ने यह संदेश दिया कि जब समाज और प्रशासन मिलकर नारी शक्ति का सम्मान करते हैं, तब सशक्त और संवेदनशील समाज की नींव और भी मजबूत होती है।

एसपी की जनसुनवाई पहल बनी थाना से जिला मुख्यालय तक सुलभ व्यवस्था

# सतत प्रक्रिया से सकारात्मक फलस्वरूप शिकायतों में आई 23 प्रतिशत की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में पुलिस व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में टीकमगढ़ पुलिस ने एक सराहनीय पहल शुरू की है। जिसमें प्रत्येक मंगलवार को थाना, चौकी और जिला मुख्यालय स्तर पर नियमित रूप से जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनना तथा उनके समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान को सुनिश्चित करना है। इस निरंतर व सतत प्रक्रिया के चलते सकारात्मक परिणाम स्वरूप मुख्यालय पर आने बाली कुल जनशिकायतों में 23 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी देखने को मिली है।

एसपी मंडलोई के नेतृत्व में संचालित निरंतर प्रक्रिया के तहत 10 मार्च को जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में एसपी ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह की उपस्थिति में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों से धैर्यपूर्वक संवाद किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रत्येक आवेदन को प्राथमिकता के साथ पंजीबद्ध किया गया। जिनमे से कई मामलों का मौके पर ही त्वरित समाधान किया गया, जबकि जांच अपेक्षित मामलों में निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान जनता से संवाद कर रहे पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को अपनी समस्याएं खुलकर रखने के लिए भी प्रोत्साहित किया। विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों और जरूरतमंद लोगों की शिकायतों को प्राथमिकता से सुना गया और उनके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई की व्यवस्था को थाना और चौकी स्तर पर भी प्रभावी रूप से लागू किया गया है, जिससे नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दूर नहीं जाना पड़ता। इस व्यवस्था से पुलिस और नागरिकों के बीच संवाद मजबूत हुआ है और समस्याओं का समाधान प्रारंभिक स्तर पर ही संभव हो पा रहा है। इस सतत प्रक्रिया का सकारात्मक परिणाम भी सामने आया है। जिला मुख्यालय पर प्राप्त शिकायतों में लगभग 23 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है, जो इस बात का संकेत है कि थाना स्तर पर ही अधिकांश समस्याओं का प्रभावी समाधान किया जा रहा है। इससे नागरिकों का पुलिस व्यवस्था के प्रति विश्वास भी लगातार बढ़ रहा है।

इस दौरान अधिकारियो ने बताया कि टीकमगढ़ पुलिस का लक्ष्य ऐसी पुलिसिंग व्यवस्था स्थापित करना है, जहां हर नागरिक की बात सम्मानपूर्वक सुनी जाए, प्रत्येक शिकायत पर निष्पक्ष और समयबद्ध कार्रवाई हो तथा संवाद और सहयोग के माध्यम से विश्वासपूर्ण वातावरण विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन का मानना है कि जब पुलिस और नागरिक मिलकर संवाद और सहयोग की भावना से काम करते हैं, तब समाज में सुरक्षा, विश्वास और पारदर्शिता का मजबूत माहौल बनता है। इसी उद्देश्य के साथ टीकमगढ़ पुलिस द्वारा जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद की यह प्रक्रिया लगातार जारी रखी जाएगी।

# हर जनसेवक के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं सिंधिया: विकास

जयंती पर श्रद्धा व सम्मान के साथ याद किए गए जननायक माधवराव सिंधिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पूर्व केंद्रीय मंत्री जननायक माधवराव सिंधिया की 81वीं जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने श्रद्धा और सम्मान के साथ उन्हें याद किया। विश्राम ग्रह स्थित स्व माधवराव सिंधिया स्मृति उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण किया गया और पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत ने किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वर्गीय माधवराव सिंधिया के जीवन से जुड़े संस्मरण साझा करते हुए कहा कि वे एक सच्चे जनसेवक थे, जिन्होंने राजनीति को हमेशा जनसेवा का माध्यम माना। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत जनसंघ से की और जीवन भर जनता के हितों के लिए समर्पित भाव से कार्य करते रहे। उन्होंने कहा कि माधवराव सिंधिया का व्यक्तित्व और उनके आदर्श आज भी जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। जननायक स्व माधवराव द्वारा दिखाए गये मार्ग पर चलकर ही समाज और देश की सेवा की जा सकती है। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास यादव ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय माधवराव सिंधिया का नाम भारतीय राजनीति में बड़े सम्मान के साथ लिया जाता है। देश और प्रदेश के विकास में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका राजनैतिक जीवन हर जनसेवक के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं और नेताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में जिला मंत्री पुष्पा यादव, मीरा खरे, अरविंद रैकवार, मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी, कार्यालय मंत्री शिवचरण उटमालिया, सह कार्यालय मंत्री संध्या सोनी आदि उपस्थित रहे।

## वी क्लब की महिलाओं ने पुलिस सेवा में चयनित युवतियों का किया सम्मान

**टीकमगढ़।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वी क्लव की महिलाओं द्वारा समाज में नारी शक्ति के बढ़ते कदमों को सम्मान देने की प्रेरक पहल देखने को मिली। इस अवसर पर वी क्लब की महिलाओं ने पुलिस विभाग में चयनित हुई युवतियों अंजलि विश्वकर्मा और वर्षा यादव को उनके निवास पर पहुंचकर सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान वी क्लब की सदस्यों ने पुलिस विभाग में चयनित दोनों युवतियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। वी क्लव की पदाधिकारियों ने कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। पुलिस सेवा में चयनित होकर अंजलि विश्वकर्मा और वर्षा यादव ने न केवल अपने परिवार का बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वी क्लब की अध्यक्ष रजनी रावत ने कहा कि महिला दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं बल्कि महिलाओं की शक्ति, संघर्ष और उपलब्धियों को सम्मान देने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसी बेटियों की सफलता अन्य युवतियों के लिए प्रेरणा बनती है और उन्हें अपने सपनों को साकार करने का हौसला देती है। इस अवसर पर उपस्थित वी क्लव की अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, पुलिस और सेना जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़कर समाज में अपनी मजबूत पहचान बना रही हैं। अंजलि विश्वकर्मा और वर्षा यादव की सफलता यह संदेश देती है कि मेहनत और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस सम्मान कार्यक्रम में वी क्लब की अध्यक्ष रजनी रावत, विभा श्रीवास्तव, शिवानी खैवरिया, शशि शुक्ला, प्रीति चतुर्वेदी सहित अन्य क्लव पदाधिकारी उपस्थित रहीं। पुलिस सेवा में चयनित युवतियों का सम्मान करते हुए वी क्लब की महिलाओं ने संदेश देते हुए बताया कि नारी शक्ति आज हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही है और समाज के लिए प्रेरणा बन रही है।



परी वर्ग में 98 और भरोसा वर्ग में 13 हजार से अधिक बेटियों व महिलाओं तक पहुंची जानकारी

# 'आत्मविश्वास से परिपूर्ण बेटियां ही सशक्त समाज की नींव'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जागरुकता, आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना से परिपूर्ण बेटियां ही सुरक्षित और सशक्त समाज की मजबूत नींव बनती हैं। क्योंकि जागरूकता, आत्मरक्षा और आत्मविश्वास से ही नारी सम्मान मजबूत होता है। उक्त उद्देश्य को सतत रूप में दोहराते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिले में बालिकाओं और महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को मजबूत बनाने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक और सराहनीय पहल चलाई जा रही है।

एसपी मंडलोई के निर्देशन में महिला सुरक्षा, स्वतंत्रता, सम्मान व अभियान के अंतर्गत परी वर्ग और भरोसा वर्ग कार्यक्रम लगातार संचालित किए जा रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं में जागरूकता, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा की भावना विकसित करना है, ताकि वे सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में आगे बढ़ सकें। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नियमित रूप से जागरूकता सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बालिकाओं को व्यक्तिगत सुरक्षा, कानूनी अधिकारों और आत्मरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सरल और संवेदनशील भाषा में दी जा रही है, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति सजग और आत्मविश्वासी बन सकें।

इसी क्रम में 9 मार्च को थाना देहात परिसर में पुलिस टीम द्वारा बालिकाओं के लिए एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान संवादात्मक शैली में बालिकाओं को कई महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। उक्त सत्र में बालिकाओं को उचित और अनुचित स्पर्श की पहचान, असहज परिस्थितियों में सजगता और साहसपूर्ण प्रतिक्रिया, आत्मरक्षा के प्राथमिक उपाय, ना कहने का अधिकार तथा अभिभावकों, शिक्षकों और पुलिस के साथ खुला संवाद बनाए रखने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी जिज्ञासाएं भी साझा कीं। पुलिस अधिकारियों ने उनके प्रश्नों का सकारात्मक और सहज तरीके से समाधान किया, जिससे उनमें आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना और मजबूत हुई। इसी प्रकार थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चौकी अस्तोन में भी परी वर्ग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चियों को व्यक्तिगत सुरक्षा के आवश्यक उपाय, सतर्क व्यवहार और आपातकालीन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने के बारे में जागरूक किया गया। जागरूकता सत्र के दौरान बालिकाओं और महिलाओं को महत्वपूर्ण सहायता सेवाओं की जानकारी भी दी गई, जिनमें महिला हेल्पलाइन 1090, साइबर हेल्पलाइन 1930, आपातकालीन पुलिस सहायता 112 के उपयोग की जानकारी शामिल रही। पुलिस टीम ने यह भी संदेश दिया कि किसी भी असहज या अनुचित स्थिति में मौन न रहें, बल्कि तुरंत अभिभावकों, शिक्षकों या पुलिस से संपर्क करें। समय पर संवाद और सहायता से कई संभावित जोखिमों से बचा जा सकता है।

### सतत प्रयासों से सुखद परिणाम आए सामने

जिला पुलिस द्वारा संचालित परी वर्ग अभियान के अंतर्गत जिले में अब तक 280 से अधिक कार्यक्रमों के माध्यम से 98 हजार 500 से अधिक बालिकाओं को जागरूक किया जा चुका है। वहीं भरोसा वर्ग कार्यक्रम के जरिए 13 हजार 770 से अधिक महिलाओं और युवतियों को सुरक्षा, आत्मरक्षा और कानूनी अधिकारों से संबंधित जानकारी प्रदान की गई है। टीकमगढ़ पुलिस का मानना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ समाज में सुरक्षा, विश्वास और संवेदनशीलता का वातावरण बनाना भी उतना ही आवश्यक है। इसी उद्देश्य से बालिकाओं और महिलाओं के लिए ऐसे जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ सकें।

### एसडीएम के नकली पनीर पकड़े जाने के बाद स्वास्थ्य पर चर्चा तेज

# शादी विवाह का सीजन शुरू होते ही सक्रिय हो जाते हैं नक्काल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

मंगलवार को श्योपुर एसडीएम गगन मीणा ने छापामार कार्रवाई करते हुए एक यात्री बस से 90 किलो नकली पनीर जब्त किया है। इतनी बड़ी मात्रा में नकली पनीर एक ही कार्रवाई में पकड़े जाने के बाद लोगों की सेहत से जुड़े मामलों पर चर्चा ओर चिंता भी शुरू हो गई है। लोगों का कहना है कि एसडीएम द्वारा की गई कार्रवाई तो एक बानगी है। जिले में बड़ी संख्या में नकली पनीर, मावा इत्यादि दूध से बनने वाले पदार्थ ओर दूध भी नकली बनाकर बेचा जा रहा है जो लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने जैसा है।

मंगलवार को एसडीएम गगन मीणा ने मुरैना से आई निजी कंपनी की बस रुकवाकर जब तलाशी ली तो उसमें 90 किलो पनीर मिला हालांकि सैंपल लेबोरेट्री में चैक करने भेज दिया गया है लेकिन मौके पर की गई जांच में पनीर नकली बताया गया है। यह कोई पहला अवसर नहीं है जब नकली पनीर मावा पकड़ा गया हो इससे पहले भी इसी तरह शहर में संचालित दूध डेयरियों से नकली खाद्य पदार्थ पकड़े गए थे। लोगों का कहना है कि जब भी शादी विवाह का सीजन आता है नकली दूध और उससे नकली घी, दही, पनीर, मावा बनाने वाले सक्रिय हो जाते हैं। गाहेबगाहे छापामार कार्रवाई में यह पकड़े तो जाते हैं लेकिन इनके इस नकली व्यवसाय पर कभी स्थाई लगाम नहीं लग सकी है। अगर खाद्य औषधि विभाग ईमानदारी के साथ काम करे तो कलेक्टर ओर एसडीएम जैसे आला अधिकारियों को इस तरह की कार्रवाई करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।



#### विजयपुर के जंगल में पकड़ी थी फैक्ट्रियां

2 साल पहले तत्कालीन कलेक्टर संजय कुमार ने छापा मार कार्रवाई करते हुए विजयपुर से सटे जंगल में तीन फैक्ट्रियां सील की थी इन फैक्ट्री में नकली दूध बनाने और उससे दूध से दही पनीर मावा घी तैयार करने का काम किया जा रहा था। नकली दूध बनाने में यूरिया खाद का उपयोग हो रहा था बड़ी संख्या में यहां से यूरिया खाद के कट्टे भी पकड़े गए इस छापा मार करवाई में जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट के पास स्थित एक दूध डेयरी पर छापा मार कार्रवाई करते हुए क्विंटलो से नकली मावा, पनीर पकड़ा गया था और उसे बनाने के लिए जहरीले केमिकल भी जप्त किए गए थे।

#### मांग बढ़ने से सक्रिय हो जाते हैं नक्काल

शादी-विवाह का सीजन चलने के कारण दूध की मांग बढ़ गई है, जिससे मिलावटखोर सक्रिय हो गए हैं और बड़े पैमाने पर सिंथेटिक दूध व मावा तैयार कर रहे हैं। जानकारी के बाहर से आने के अलावा जिले में बड़े पैमाने पर नकली दूध व मावा बनाया जा रहा है। नकली दूध बनाने वाले लोग मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में आमजन की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। अगर जल्दी ही सरकार और प्रशासन ने इसे रोकने के ठोस कदम नहीं उठाए तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। इस समय शादी विवाह का सीजन चल रहा है जिसमें यह नकली दूध से बने पनीर, मावा आसानी से खपाया जा रहा है।

#### स्वास्थ्य से खिलवाड़ नहीं...

सूचना मिलने पर कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर एक पर छापा मार कार्रवाई की गई। जिसमें 90 किलो पनीर जप्त किया गया है प्रथम दृष्टि में यह पनीर नकली प्रदर्शित हो रहा है जांच के लिए लेबोरेटरी में भेजा गया है इस तरह की कार्रवाई अब नियमित रूप से चलाई जाएगी लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

**गगन मीणा**
एसडीएम श्योपुर

### महिला शक्ति ने ठाना, प्रदेश के पर्यटक स्थलों को इंटर नेशनल तक चमकाना

## 25 महिला बाइकर्स पहुंची श्योपुर, कूनो को दिलाएंगी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर,



प्रदेश के पर्यटक स्थलों की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कराने के उद्देश्य से 25 महिला सुपर बाइकर्स का दल मंगलवार को श्योपुर पहुंचा जहां उन्हें कूनो जंगल रिसॉर्ट में ठहराया गया है। इस महिला सुपर बाइकर्स को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सीएम हाउस से हरि झंडी दिखाकर रवाना किया था। दल खजुराहो तक का 1400 किमी लंबा सफर तय करेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से सुबह 9 बजे 'क्वींस ऑन द व्हील्स' के तीसरे संस्करण को फ्लैग ऑफ किया। प्रदेश के समृद्ध व ऐतिहासिक पर्यटन गंतव्यों को देश-दुनिया में प्रचारित करने के उद्देश्य से 25 महिला सुपर बाइकर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 'क्वींस ऑन द व्हील्स' के पिछले दो संस्करणों की सफलता के बाद, महिला सशक्तिकरण, स्वतंत्रता एवं विरासत का यह 7 दिवसीय आयोजन भोपाल से खजुराहो तक लगभग 1,400 किलोमीटर लंबी बाइक ट्रेल को पूरा करेगा।

भोपाल से शुरू होकर यह 7-दिन की यात्रा सांची, उदयगिरि, चंदेरी शिवपुरी होकर श्योपुर स्थित कूनो जंगल रिसोर्ट होटल पहुची बाइकर्स टीम का जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद् की टीम द्वारा इनका स्वागत किया गया। भोपाल से शुरू होकर यह 7-दिन की यात्रा सांची, उदयगिरि, चंदेरी, शिवपुरी, कूनो, ग्वालियर, दतिया, ओरछा और खजुराहो से होते वापस भोपाल में 13 मार्च को समाप्त होगी। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के इस कदम से राज्य की ऐतिहासिक और पुरातात्विक विरासत को प्रमुखता देगा, साथ ही मध्य प्रदेश को महिलाओं के लिए सुरक्षित और समृद्धिशाली पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित किया जाएगा। यह अभियान कम-ज्ञात स्थलों का प्रचार करेगा, रूरल टूरिज्म सर्किट्स को मजबूत करने और राज्य भर में रिस्पॉन्सिबल ट्रैवल को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम बनेगा। महिला बाइकिंग टूर का नेतृत्व मुंबई की 62 वर्षीय डॉ. नीता कर रही हैं। बाइक राइडर्स समूह में भोपाल की 8, मुम्बई और नागपुर की 5-5 तथा ग्वालियर, बैंगलोर कोलकाता, पुणे और नोएडा की एक-एक महिला राइडर शामिल है, 13 मार्च को भोपाल में टूर का समापन होगा।

#### ये शामिल हैं बाइक दल में

इस बाइक दल में भोपाल की सारा खान, राजनंदिनी, दिव्या रमन, मयूरी सोनी, दिशा राकेशीय, उन्नति चौरसिया, सेजल कुशवाहा, महक बाथम, ग्वालियर की शबनम बानो शामिल हैं। इनके साथ मुंबई की हेतल उपाध्याय, माधुरी नायक, मधु हेलचल, तनु प्रिया, रिद्धि, बेंगलुरु की सोना प्रियदर्शनी, कोलकाता की सायंती घोष, पुणे की कल्याणी पोटेकर, नागपुर की डॉ. प्रियंका रुक्मणी, रुचिका मेघे, एकता खेते, मैथिली सिंह, पल्लवी देशमुख, नोएडा की डॉ. सुमित और संभाजी नगर (महाराष्ट्र) की कविता जाधव शामिल हैं।

## कराहल में युवती ने लगाई फांसी प्रेम प्रसंग से जुड़ा लग रहा मामला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

कराहल कस्बे में बीती रात को एक युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों के बीच अपने घर के एक कमरे में फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच के दौरान यह मामला प्रेम प्रसंग से जुडा लग रहा है। कराहल थाना पुलिस ने बताया कि कराहल के चिन्ताहरण मोहल्ला निवासी रामसिंह कुशवाह की बेटी पदमा कुशवाह (19) ने सोमवार की रात लगभग 10:40 बजे अपने घर के एक कमरे में दुपट्टे से फांसी लगा ली। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना करते हुए शव को पीएम के लिए कराहल अस्पताल में पहुंचाया और घटना वाले कमरे को पुलिस ने सील कर दिया है। ताकि घटना की ठीक तरह से जांच हो सके। मंगलवार के पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं करने वाली एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट करने प्रस्ताव भेजें:कलेक्टर



**श्योपुर।** जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित एकल नलजल योजनाओं के कार्यो को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जायें, ऐसी एजेंसियों जो समय पर कार्य पूर्ण नही कर रही है और कार्य की गुणवत्ता भी ठीक नही है, ऐसी फर्मो के विरूद्ध ब्लैकलिस्ट करने की कार्यवाही के प्रस्ताव भेजे जायें। यह निर्देश कलेक्टर अर्पित वर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। बैठक के दौरान जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य कर रही मुरैना की डण्डोतिया कंस्ट्रक्शन कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने की कार्यवाही की गई, उक्त फर्म द्वारा वियजपुर एवं कराहल क्षेत्र में 9 स्थानों पर कार्य किया जा रहा था। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन अंतर्गत जिन योजनाओं का कार्य पूर्ण हो गया है, उन्हें पंचायतों के हैंडओवर करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें। जिन योजनाओ में बिजली आपूर्ति के लिए ट्रांसफार्मर की स्थापना की जाना है, वहां एमपीईबी को डिमांड प्रदाय कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, कार्यपालन यंत्री पीएचई एलपी सिंह, एसी एमपीईबी एलएन पाटीदार, सीईओ जनपद एसएस भटनागर सहित पीएचई विभाग के सहायक यंत्री, उपयंत्री तथा जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य कर रही निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि, संचालक उपस्थित थे। कार्यपालन यंत्री एलपी सिंह ने बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम योजना में 308 ग्रामों में कार्य किया जा रहा है, जिसमें से 238 ग्रामों में कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा 151 योजनाएं हस्तातंरित कर दी गई है,

## मारपीट के मामले में आरोपी को दो वर्ष का सश्रम कारावास



हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

अजा वर्ग के पीडित की मारपीट करने संबंधी तीन साल पुराने एक मामले में श्योपुर के विशेष न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए मारपीट करने वाले आरोपी धर्मेन्द्र पुत्र गोवर्धन मीणा निवासी ढोटी को दो वर्ष के सश्रम कारावास और 9 हजार के अर्थदंड की सजा सुना दी। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने की। बताया गया है कि इस मामले में जितेन्द्र मीणा निवासी ढोटी भी एफआईआर में आरोपी था, लेकिन कोर्ट ने शंका का लाभ देते हुए जितेन्द्र को दोष मुक्त कर दिया। विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि वीरपुर थाना क्षेत्र में घटित अजा वर्ग के पीडित की मारपीट किए जाने संबंधी ढाई साल पुराने मामले में विशेष न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए दो आरोपी रामनाथ पिता बाबूरावत तथा लाखन पिता गणपति रावत निवासी सांथेर थाना वीरपुर को छह छह माह के सश्रम कारावास और एक एक हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुना दी।

## गेहूं पंजीयन की तिथि बढ़ाएं:किसान संघ



**श्योपुर।** मंगलवार को बडौदा में भारतीय किसान संघ की एक तहसील स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसमें किसान संघ का स्थापना दिवस मनाया और फिर किसानों की समस्याओ को लेकर एक सीएम के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार बडौदा को सौंपा गया। सीएम के नाम दिए गए इस ज्ञापन में भारतीय किसान संघ ने गेंहू पंजीयन कराए जाने की अंतिम तिथि और बढाए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई है। क्योंकि सर्वर डाउन होने से जिले के कई किसान पंजीयन कराने से वंचित रह गए है। ज्ञापन में बडौदा मंडी में एक और बीओटी कांटा, प्रांगण में सीसी व किसान भवन आदि व्यवस्था कराए जाने, जंगली जानवरों से फसल का मुआवजा दिलाने जैसी मांगे उठाई है। इस मौके पर भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चौधरी,तहसील अध्यक्ष भूपेंद्र मीणा, मंत्री वीरेंद्र सिंह जाट, मूलचंद मीणा, निर्मल सिंह गुर्जर, हरिशंकर पालीवाल, गौरीशंकर मीणा, व्रजराज जाट, मुरारी सेन, योगेंद्र सहित कई किसान मौजूद थे।

## पनवाड़ा स्कूल में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा



**श्योपुर।** कराहल थाना पुलिस ने दो दिन पहले सरकारी मिडिल स्कूल पनवाडा में हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो चोरों को दबोच लिया है। जिनके कब्जे से स्कूल से चुराया गया सामान बरामद कर लिया है। कराहल टीआई यास्मीन खान ने बताया कि दो दिन पहले शामावि पनवाडा में चोरी हो गई। वारदात के दौरान चोर स्कूल की पानी की मोटर,पंखा, रस्सी आदि सामान चोरी हो गया। शिक्षक धर्मेन्द्र शर्मा की रिपोर्ट पर चोरी का मामला दर्ज किया और मुखबिर तंत्र की सक्रियता से चोरी का खुलासा कर लिया। चोरी की यह वारदात गांव के ही अतर सिंह जाटव और सुआलाल आदिवासी ने मिलकर अंजाम दिया। इनके कब्जे से चोरी का माल भी बरामद कर लिया है।

### अब 20 मार्च को सुनाएगी कोर्ट नपाध्यक्ष रेनू राठौर के भाग्य का फैसला

## नपाध्यक्ष के मामले में बना रहा सस्पेंस, फैसले के बजाए मिली तारीख

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर



सोमवार को हाई कोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ में जिस न्यायाधीश जीएस अहलूवालिया की अदालत ने विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा की विधायक की शून्य घोषित की थी उन्हें ही मंगलवार को नगर पालिका के अध्यक्ष रेनू राठौर से जुड़े मामले में फैसला सुनना था जिस पर पूरे शहर के निगाह लगी हुई थी लेकिन इस मामले में फिलहाल सस्पेंस बरकरार रहा। रेनू राठौर के वकील द्वारा समय मांगे जाने पर अदालत ने उन्हें 10 दिवस का मोहलत देते हुए अगले पेशी 20 मार्च लगा दी है। 20 मार्च को इस मामले में अदालत फैसला सुना सकती है।

पार्षद समर सिंह ने हाई कोर्ट में एक याचिका लगाई थी कि रेनू राठौर ने वोट चोरी कर नपा अध्यक्ष बनी है इस याचिका की सुनवाई करते हुए अदालत पूर्व में नपा अध्यक्ष रेनू राठौर को पावर विहीन घोषित कर चुकी है अब अध्यक्ष की हैसियत से नहीं बल्कि एक पार्षद की हैसियत से जन्म प्रतिनिधि है वह अध्यक्ष की है सत्य कोई निर्णय नहीं ले पा रही हैं ऐसी स्थिति में उन पर लगाए गए बोर्ड चोरी के कर सरकार बनाने के आरोप सही साबित हो जाते हैं तो उन्हें अपनी अध्यक्षता गवानी पड़ेगी। सोमवार को रामनिवास रावत वर्सेस मुकेश मल्होत्रा से जुड़े मामले में इसी कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए मुकेश मल्होत्रा की विधायकी शून्य कर दी थी। जिसके बाद लोगों के निगाह नपा अध्यक्ष से जुड़े मामले पर लगी हुई थी लेकिन फैसला अब 10 दिन और बढ़ा दिया गया है।

#### .. तो क्या अफसाना शब्बीर नागौरी बनेगी नपाध्यक्ष?

लोगों में चर्चा यह भी चल गई है कि अगर अदालत रेनू राठौर के खिलाफ वोट चोरी कर सरकार बनाने के मामले में फैसला देते हुए उन्हें अध्यक्ष पद से हटाती है तो क्या रामनिवास रावत की तरह अफसाना शब्बीर नागौरी भी नगर पालिका की नई अध्यक्ष निर्वाचित की जाएंगी। ज्ञात होकर मुकेश मल्होत्रा का चुनाव शून्य करने के साथ अदालत ने रामनिवास रावत को दूसरे नंबर पर प्रत्याशी रहने के कारण विधायक निर्वाचित करने के निर्देश भी जारी किया है। कांग्रेस इस फैसले का हवाला देते हुए अदालत से रेनू राठौर के खिलाफ चुनाव लड़ी अफसाना शब्बीर नागौरी को नपा अध्यक्ष निर्वाचित करने की मांग कर सकती है।

## कै माधवराव सिंधिया की पहचान किसी पार्टी से नहीं काम से थी:शशांक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर



पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाशवासी माधवराव सिंधिया एक ऐसा नाम है जिनकी पहचान किसी राजनीतिक पार्टी से नहीं अपितु उनके काम से होती थी। वे अपने कामों के लिए विकास पुरुष के नाम से प्रसिद्ध हुए। हमें इस बात का गर्व है कि के. सिंधिया भारतीय जनता पार्टी (जनसंघ) को देश में स्थापित करने वाली राजमाता सिंधिया के पुत्र थे और आज कैलाशवासी सिंधिया के पुत्र केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भाजपा के साथ जुड़कर हम सबका मार्गदर्शन कर रहे हैं। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने मंगलवार को पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान के निवास पर आयोजित पूर्व केंद्रीय मंत्री कै. माधवराव सिंधिया की जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में संबोधन देते हुए कही।

पूर्व केंद्रीय मंत्री की 81वीं जयंती के अवसर पर पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान के निवास बड़ौदा रोड पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व विधायक बृजराज सिंह चौहान ने उद्बोधन देते हुए कहा कि मेरा यह सौभाग्य है कि मुझे राजनीति को जन सेवा का माध्यम मानते हुए जनहित के कार्य करने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री मेरे आदर्श कैलाश वासी महाराज माधवराव सिंधिया के साथ कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ आज हम उनके बताए हुए मार्ग पर जन सेवा के कार्य में लगे हुए हैं और जीवन पर्यंत कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की हैसियत से पहुंचे भाजपा अध्यक्ष शशांक भूषण ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए के. सिंधिया के जीवन वृत पर प्रकाश डाला। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कैलाश नारायण गुप्ता ,राम लखन नापा खेड़ली, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सुरेंद्र जाट ने भी उद्बोधन दिए। वरिष्ठ किसान नेता मूलचंद रावत ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तथा कार्यक्रम का संचालन जिला भाजपा उपाध्यक्ष महावीर मित्तल ने एवं आभार प्रदर्शन महावीर गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र जाट, जुगल बंसल, नारायण गोयल, जनपद सदस्य यश प्रताप सिंह चौहान, मानपुर मंडल अध्यक्ष समर सिंह जादौन, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लेखराज गुर्जर, रामचरण नागर , मदन गर्ग पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल समाज, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा महावीर मीणा, मोहनलाल गौड़, हरि सिंह मीणा बिलवाड़ा भीम जाट देवी शंकर गुर्जर राम रूप मीणा भानु शर्मा पूर्व जिला मंत्री रघु गुर्जर मुकेश खंडेलवाल पूर्व पार्षद आरिफ खिलची, राजू पारेता महावीर शर्मा पूर्व पार्षद पूर्व भाजपा जिला मंत्री महेश राठौर नरोत्तम जंगल, दिव्य प्रताप सिंह चौहान अमिताभ मीणा प्रेम प्रकाश बैरागी,राम अवतार मीना बिलवाड़ा रामचरण बैरवा विष्णु कुशवाह आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने ग्वालियर जाने दी 5 हजार की सहायता, 127 लोगों की समस्याए सुनी

# मूकबधिर बालिका दिव्या का आरबीएसके योजना के माध्यम से निशुल्क होगा उपचार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान 127 लोगों की समस्याएं सुनते हुए कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। वहीं शासन की विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को तत्काल लाभान्वित करने की कार्यवाही भी की। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

विशेष बात यह है कि कलेक्टर अर्पित वर्मा की पहल पर 3 वर्षीय मूकबधिर बालिका दिव्या बैरवा का निशुल्क उपचार मध्यप्रदेश शासन की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत होगा। इसके लिए लगभग साढे छ लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। मूकबधिर बालिका का ग्वालियर स्थित अग्रवाल हॉस्पीटल में ऑपरेशन कर कॉकलीयर इम्प्लांट किया जायेगा, जिससे बालिका बोलने और सुनने लगेगी। इसी क्रम में आज जनसुनवाई में आये बालिका के परिजनों को ग्वालियर अस्पताल जाने हेतु मार्ग व्यय के रूप में 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की गई।

इसके साथ ही कलेक्टर ने नायब तहसीलदार मानपुर टीएस लकडा को निर्देश दिये कि परिवार का नाम बीपीएल सूची में शामिल किया जायें। उल्लेखनीय है कि ग्राम टहला निवासी दिलखुश बैरवा द्वारा अवगत कराया गया था कि उसकी पुत्री दिव्या बैरवा जन्म से ही मूकबधिर है।

इसी क्रम में बालिका के निशुल्क उपचार हेतु आरबीएसके अतंर्गत ऑपरेशन कर कॉकलीयर इम्प्लांट के लिए साढे छ लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है तथा ग्वालियर तक आने- जाने के लिए 5 हजार रूपये की राशि रेडक्रॉस के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है।



#### बादाम बाई को मिलेगी दो लाख रुपए की अनुग्रह सहायता राशि

कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा ग्राम बगदिया निवासी बादाम बाई को उनके आवेदन परीक्षण उपरांत अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत पति की सामान्य मृत्यु पर दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत होकर ईपीओ जारी हो चुका है तथा शीघ्र ही बैंक खाते के माध्यम से राशि प्राप्त होगी। बादाम बाई द्वारा अपने पति स्व. सुग्रीव मोगिया की मृत्यु पर दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जनसुनवाई के दौरान ग्राम गोहेडा निवासी विनोद वैष्णव के आवेदन पर कलेक्टर ने भू-अभिलेख के अधिकारियों को निर्देश दिये कि पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ प्रदान किया जायें।

#### जनसुनवाई में पहुंचा दो साल से शोपीश बनी टंकी का मामला

ग्राम पंचायत सोईकलां में दो साल से शोपीश बनी पानी की टंकी का मामला मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंच गया। ब्लॉक कांग्रेस सोंईकलां के अध्यक्ष राममिलन मीणा ने इस मामले को लेकर कलेक्टर अर्पित वर्मा को आवेदन सौपकर अवगत कराया कि दो साल पूर्व ग्राम पंचायत सोईकलां में नल जल योजना के माध्यम से पानी की टंकी बनाई गई है। लेकिन कुछ दिन ग्रामीणों की प्यास बुझाने के बाद यह टंकी शोपीश बन गई। जिसकारण ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान होना पड रहा है। चूंकि गर्मी आ गई है,इसलिए उक्त समस्या का जल्द निराकरण करवाया जाए। इस मामले में जनपद सीईओ श्योपुर ने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि एनएच के अधिकारियों से चर्चा करते हुए पानी की टंकी को चालू करवाया जाएगा।

#### रमजान का तीसरा असरा शुरू, शब-ए-कद्र और जुमातुल विदा की तैयारी शुरू



**श्योपुर।** मंगलवार से को 20 रोजे पूरे होने के साथ ही रमजान का तीसरा असरा (तीसरा भाग) शुरू हो गया इसी के साथ मस्जिद में किया जाने वाला एतिकाफ (एकांत इबादत) भी बुधवार से शुरू हो जाएगा। कुछ मस्जिदों में पूरी बस्ती की खेरो बरकत के उद्देश्य से एक व्यक्ति को अल्लाह की इबादत के लिए एकांतवास उपलब्ध कराया गया है। जो ईद की नमाज के बाद ही मस्जिद से लौटेंगे। एतिकाफ की नियत करने वाले बुधवार यानि 21 रमजान से ही मस्जिद के एकांतवास में पहुंच गए। उधर बस्तियों में इफ्तार पार्टी का चलन लगातार बढ़ रहा है हर रोज की मस्जिदों में और घरों पर इफ्तार पार्टियों का आयोजन जारी है बीते दिनों मस्जिद खान सैयद किला एवं मस्जिद जागीरदार किला में इफ्तार पार्टी आयोजित की गई।

## खबर संक्षेप

### रेलवे ट्रेक के किनारे मृत अवस्था में मिला

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत पिपरई उप स्टेशन प्रबंधक मनोज रावत ने पुलिस को सूचना दी थी कि गुन्हेरू बामौरी के बीच पोल क्रमांक 1019/2 से 4 के बीच रेलवे ट्रेक के पास एक युवक मृत अवस्था में रेलवे ट्रेक के किनारे मिला था। मृतक की मोटरसाईकिल असंतुलित होने से वह ट्रेक के किनारे गिर पड़ा जिससे उसकी मौत हो गई। जिसकी पहचान प्रमोद पुत्र इमरत सेन उम्र 32 साल निवासी तारई के रूप में की गई है।

### युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के ग्राम अमाही ताल निवासी 22 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान संदीप कुशवाह के रूप में की गई है। बताया गया है कि कुछ समय पहले मृतक के पिता ने भी आत्म हत्या कर ली थी। जैसे ही रात में मृतक की मां और बहन ने उसे फांसी के फंदे पर लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। बताया गया है कि संदीप परिवार में अकेला भाई था, चार बहनों में से 3 की शादी हो चुकी है वह अविवाहित था। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### बस ने बाईक को टक्कर मारी, 1 की मौत दो घायल

**अशोकनगर।** ग्राम बीलाखेडी के समीप एक बस ने बाईक को टक्कर मार दी, इस घटना में बाईक सवार युवक की मौत हो गई और उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया है कि बस ने बाईक को पीछे से टक्कर मारी, इस घटना में मसीदपुर सोनेरा निवासी संजीव रघुवंशी उम्र 40 साल की मौत हो गई। इस हादसे में बस का पहिया मृतक के ऊपर से निकल गया। शेष दो घायलों में 32 वर्षीय भूरा पुत्र रामवीर सिंह रघुवंशी, निवासी बमुरिया अथाईखेडा और 22 वर्षीय कल्ला शामिल है। यह तीनो बाईक से करीला धाम जा रहे थे उसी समय यह घटना घटित हुई।

### कार्यशाला का आयोजन 10 मार्च को

**अशोकनगर।** राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन योजना अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र अशोकनगर में 10 मार्च मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे से आयोजित किया गया है। मधुमक्खी पालन करने के इच्छुक एवं रुचि रखने वाले नौजवान एवं किसान भाई कार्यशाला में भाग लेने हेतु सादर आमंत्रित है। अधिक जानकारी के लिए वैज्ञानिक डॉक्टर हेमंत कुमार त्रिवेदी कृषि विज्ञान केंद्र अशोकनगर से संपर्क करें।


### प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में संस्था उपरिंग फाउंडेशन द्वारा आज सेक्टर क्र. 02 के अंतर्गत आने वाली पाँचों ग्राम गणेशखेड़ा, छपरा, गोविंदनगर, राजगढ़ और बलदेवपुर ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव सहित समिति सदस्यों को परिषद् द्वारा निर्देशित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विकासखंड समन्वयक द्वारका पाठक ने प्रशिक्षण की रूपरेखा रखते हुए इस प्रशिक्षण की आवश्यकता और महत्व को बताया । यह प्रशिक्षण सुबह ग्यारह बजे सरस्वती पूजन से शुरु होकर 7 सत्रों सहित शाम पाँच बजे तक चला जिसमें अलग अलग सत्रों के अनुसार विकास समन्वयक, नवांकुर संस्था, मेंटर ने समितियों को आवश्यक सुझाव दिये और समस्या पर चर्चा करते हुए समस्या निवारण के विकल्प दिये तथा हर संभव परिषद द्वारा मदद किये जाने का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष सीताराम कुशवाह व उमाशंकर शर्मा ने दीप प्रज्वलन कर प्रशिक्षण शुभारंभ किया। प्रशिक्षण के बाद संस्था द्वारा परिषद और जन सहयोग से बनाई गई नर्सरी का शुभारंभ मत्स्य विभाग के अध्यक्ष सीताराम बाथम ने मनोज शर्मा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के साथ रिबिन काटकर किया जिसमें से अब जन्मदिन और वैवाहिक वर्षगांठ पर संस्था द्वारा इच्छानुसार पौधा निःशुल्क भेंट किया जाएगा।

## 20 लाख नगद आए, 40 हजार का चेक, चार देशों की करंसी भी मिली

# 2025 के मुकाबले 30 प्रतिशत घटी रंगपंचमी मेला की दान राशि









हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

तीन दिन तक चले रंग पंचमी करीला मेले में आई चढ़ोत्तरी की गिनती सोमवार को हुई है। गिनती करने में 80 पटवारी, इतने ही चैकीदार और नायब तहसीलदार रैंक के चार अधिकारी मौजूद रहे। सुबह दस बजे से शुरू हुई गिनती शाम 6 बजे तक पूरी हुई। गिनती में कुल 20 लाख 760 रुपए नगद सामने आए हैं, जो नारियल प्रसाद के रूप में चढ़ाए गए थे, उन्हें 2 लाख 1 हजार रूपए में नीलाम किया गया है। सके अलावा माता जानकी के नाम एक चेक 40 हजार रुपए का भी दान पेटियों से निकला है। इस बार दानदाताओं ने अमेरिका, भूटान, नेपाल, थाईलैंड की करंसी भी दान की है। एक दानदाता ने गुजरात स्थित जूनागढ़ का रियासत कालीन चांदी का सिक्का भी दान किया है।

### बेटी की शादी, बेटे की नौकरी, प्रेम-विवाह के लिए लिखी मनोकामनाएं

मां जानकी के दरबार में अपनी हाजिरी लगाने आने वाले श्रद्धालु न केवल मत्था टेक रहे हैं, बल्कि अपनी मनोकामनाओं को कागज पर लिखकर अर्जी के रूप में माता के चरणों में अर्पित कर रहे हैं। मंदिर परिसर में मिले यह पत्र आम जनमानस की गहरी आस्था और उनके जीवन के संघर्षों की एक भावुक झलक पेश करते हैं। प्राप्त पत्रों में बड़ी संख्या उन युवाओं की है जो अपने विवाह या प्रेम संबंध की सफलता के लिए माता से गुहार लगा रहे हैं। एक पत्र में एक युवक ने लिखा है कि उसकी और रेणुका की शादी मार्च महीने के भीतर संपन्न हो जाए और दोनों परिवारों के सदस्य इस रिश्ते के लिए मान जाएं। वहीं, नरसिंहपुर जिले की माया ने अपने मंगल दोष को समाप्त करने और एक सरकारी नौकरी वाले वर की कामना की है। कई पत्रों में युवाओं ने पुलिस, रेलवे, सेना और सी आई एस एफ जैसी सरकारी नौकरियों में चयन होने की प्रार्थना की है। एक श्रद्धालु ने लिखा, घर में पैसा नहीं टिकता, हमें ऐसी बुद्धि और नौकरी दें कि हमारे सारे काम बन जाएं। एक अन्य भावुक पत्र में एक व्यक्ति ने स्वयं के जज बनने और अपने भाई की नौकरी लगने की मन्नत मांगी है। एक व्यापारी ने अपनी अर्जी में लिखा कि उसका कपड़े का धंधा बिल्कुल नहीं चल रहा है, माता उसे फिर से खड़ा करने में मदद करें। इसके अलावा, कई भक्तों ने अपने माता-पिता के अच्छे स्वास्थ्य, परिवार की रक्षा और पुराने जमीनी विवादों खेत की मेढ़ का विवाद को सुलझाने के लिए माता से विनती की है।

### मन्नत पूरी होने पर विशेष चढ़ावा की भी बात

भक्तों ने केवल अपनी मांगें ही नहीं रखी हैं, बल्कि मन्नत पूरी होने पर माता के दरबार में विशेष भेंट चढ़ाने का वचन भी दिया है। पत्रों में मन्नत पूरी होने पर 51 कन्याओं को भोज कराने। करीला के प्रसिद्ध राई नृत्य का आयोजन करवाने। मंदिर में घंटा दान करने और सवा लाख या 21000 रुपये की दान राशि भेंट करने जैसी प्रतिज्ञाएं की गई हैं।

### 3 साल में सबसे कम चढ़ावा

करीला मंदिर पर रंगपंचमी मेला के दौरान आया यह चढ़ावा बीते तीन वर्षों में सबसे कम है। नारियल की नीलामी बोली भी अपेक्षा से कम रही। बताया गया है कि वर्ष 2022 में नगद 18.48 लाख, 2.50 लाख के नारियल, वर्ष 2023 में नगद 16.50 लाख, 1 लाख के नारियल, वर्ष 2024 में नगद 22.86 लाख और 1.50 लाख के नारियल, वर्ष 2025 में नगद 26.11 लाख और 3.01 लाख में नारियलों की नीलामी बोली हुई थी

## विदेशी पर्यटकों ने पैदल घूमकर देखीं चंदेरी की पुरानी गलियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

यूके, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से आए 13 सदस्यीय विदेशी पर्यटकों के एक दल ने चंदेरी की ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण किया। पर्यटकों ने पैदल चलकर चंदेरी की प्राचीन गलियों, ऐतिहासिक स्मारकों और पुरानी इमारतों को नज़दीक से देखा तथा यहाँ के इतिहास और सांस्कृतिक विरासत के बारे में इंट्रेपिड के मदन सिंह और स्थानीय गाइड कल्ले भाई से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण के दौरान पर्यटकों ने चंदेरी किले सहित कई ऐतिहासिक स्थलों और फिल्मों की शूटिंग के लिए प्रसिद्ध स्थानों को भी देखा। उन्होंने चंदेरी की संकरी और प्राचीन गलियों में घूमते हुए यहाँ की पारंपरिक स्थापत्य शैली और सांस्कृतिक वातावरण का अनुभव किया। पर्यटक स्थानीय बाज़ारों में भी पहुँचे, जहाँ उन्होंने पारंपरिक मिट्टी के बर्तन और रंग-बिरंगी चूड़ियाँ खरीदीं तथा स्थानीय कारीगरों के हुनर की सराहना की। इस दल में मिस लिसा, मिस कैरेन, मिस्टर रॉबर्ट, मिस मिशेल, मिस्टर रॉडनी, मिस मैंडी, मिस्टर मैथ्यू, मिस शैरेन, मिस्टर बैरी, मिस बेकी, मिस लिंडसे और मिस्टर एलन शामिल थे। पर्यटकों ने चंदेरी की प्राचीन गलियों, ऐतिहासिक वास्तुकला और शांत वातावरण की सराहना करते हुए कहा कि यह नगर अपनी समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक परंपरा के कारण अत्यंत आकर्षक है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विदेशी पर्यटकों की बढ़ती संख्या से चंदेरी की पर्यटन पहचान और मजबूत हो रही है, हालांकि शहर को और सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के लिए अभी और कार्य करने की आवश्यकता है।

### जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोकनगर निवासी गोलू रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दीपक रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी विनोद रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रवि, अनिल, लक्ष्मीनारायण साहू ने उसके छोटे भाई के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोकनगर निवासी अनिल बोहरे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी धर्मेन्द्र रघुवंशी और उसके पुत्र ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भटौली निवासी गजराम सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जयेन्द्र और श्रीराम यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## शाढ़ौरा में रामधुन के साथ 2010 से निकाली जा रही प्रभात फेरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढौरा

स्थानीय हनुमान मंदिर बस स्टेड से 2010 से लगातार आज तक हर रोज सुबह चार बजे से प्रभात फेरी निकाली जा रही है। राम धुन गाते हुए गाजे-बाजे के साथ प्रभात फेरी पूरे नगर का भ्रमण करते हुए सुबह के समय भगवान की आराधना करते हुए शुभ संदेश एव मन की शांति के लिए सुबह लोग प्रभात फेरी में शामिल होकर रोजाना अच्छे व शुभ दिन की शुरूआत करते है।

प्रभातफेरी की शुरूआत में लोग भगवान की भक्ति में लीन होकर मृदंग, ढोलक, मजीरा और ध्वनि विस्तारक यंत्र लेकर हाथों में ध्वजा लेकर भजन-कीर्तन करते हुए नगर का भ्रमण करते है। इनकी आवाज सुन कुछ और लोग भी प्रभातफेरी में शामिल हो जाते हैं, और भगवान का स्मरण कर अपने नियमित दिनचर्या में लग जाते है। प्रभात फेरी मे शामिल लोगो ने बताया है कि लगभग 15 साल पहले इसकी शुरूआत की गई थी। इसमें अब कई लोग शामिल हो चुके हैं। हर मौसम में सुबह उठकर भगवान का भजन- कीर्तन करते युवा प्रभात फेरी निकालते है और अपने शुम काम की शुरूआत करते है। प्रभात फेरी मे माघ की पूर्णिमा को झन्डा बिसर्जन एब भंडारा किया जाता है बही चेत पूर्णिमा हनुमान जंयती के दिन जुलूस व अंखड रामयण पाठ एव भंडारा किया जाता है। इस अवसर पर प्रभात फेरी में सदस्यों में रमेश कुमार कोरी, फूल सिह कुशवाह, राम भरोसा साहू, प्रवीण साहू, सीताराम ओझा, शिवराम रघुवंशी, आदि सदस्य शामिल है।



### नारी शक्ति- धैर्य-त्याग-ममता का अद्भुत स्वरूप है: वैशाली बांझल

**अशोकनगर।** विमर्श जागृति महिला मंच ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस होली मिलन का कार्यक्रम बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया। अनेक कार्यक्रमों के साथ सर्वप्रथम आचार्य विमर्श सागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया, तत्पश्चात संकल्प गीत गाया।

मंच की सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगा कर रंगपंचमी की बधाई दी एवं गले मिली। मनोरंजक गेम खेले गए जिनमें प्रथम स्थान पूजा जैन दलाल को दूसरा स्थान ज्योति जैन एवं तीसरा स्थान स्मृति जैन भारत को प्राप्त हुआ। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी सम्मान पर सभी ने अपने विचार व्यक्त किये। शाखा अध्यक्ष वैशाली बाँझल ने कहा कि नारी शक्ति- धैर्य- त्याग- ममता का अद्भुत स्वरूप है, वह जीवन को संस्कार देती है, परिवार को सम्मान देती है,समाज को नई दिशा देती है। आज विशेष दिन पर नारी को हृदय से नमन। स्मृति भारत ने अपने सम्बोधन में कहा कि माता-पत्नी-बहन-पुत्री के रूप में सभी को नारी का सम्मान करना चाहिए। प्रीति मोहरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नहीं नारी को कोई पेंशन नही मिलती है, न वह रिटायर्ड होती है ,न ही उसे छुट्टी मिलती है, वह बिना पैसों के सभी का सम्मान आदर और सभी काम करती है। परिवार को अच्छे से संभालती है। सभी सदस्यों ने इस पावन दिन पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये और सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और रँगपंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं दी। सभी को रंग लगाए होली गीत गाए नृत्य किया। इस मौके पर शाखा मंत्री पूजा देरखा, सदस्याएं मीना अथाई खेड़ा, सुनीता बाँझल, वन्दना, नेहा अथाई खेड़ा, प्रियंका, सरोज, ज्योति गुरूजी, वर्षा, प्रीति मोहरी, पूजा, स्मृति भारत सहित भारी संख्या में सदस्याएं उपस्थित रही।

## अचल संपत्ति के बाजार मूल्य प्रस्ताव को लेकर जिला मूल्यांकन समिति की बैठक



**अशोकनगर।** जिला मूल्यांकन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट कांफ्रेंस कक्ष में अशोकनगर जिले की अचल संपत्ति के बाजार मूल्य प्रस्ताव वर्ष 2026-27 सुनिश्चित करने के संबंध में कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रभारी मंत्री द्वारा नामांकित सदस्य विधायक चंदेरी जगन्नाथ सिंह रघुवंशी एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहें। जिला पंजीयक शैलेन्द्र सिंह चैहान द्वारा बताया गया कि वर्ष 2026-27 की अशोकनगर जिले की कुल 1983 लोकेशनों में से उप जिला मूल्याँकन समिति अशोकनगर, मुंगावली, ईसागढ़ एवं चंदेरी द्वारा कुल 842 लोकेशनों में वृद्धि के प्रस्ताव दिये गये। कुल वृद्धि की गई 842 लोकेशनों में से 332 लोकेशन उप जिला मूल्यॉकन समिति अशोकनगर, 246 लोकेशन उप जिला मूल्यॉकन समिति मुंगावली, 159 लोकेशन ईसागढ़, एवं 105 लोकेशनों में उप जिला मूल्याँकन समिति चंदेरी के द्वारा प्रस्ताव प्रेषित किये गये। उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 1983 लोकेशन है जिनमें से 842 लोकेशन में जिला मूल्यांकन समिति द्वारा वृद्धि प्रस्तावित की गई जो कुल लोकेशन का लगभग 42.46 प्रतिशत है। ईसागढ़ नईसराय व चंदेरी की ऐसी दरें जिनमें 50 प्रतिशत से अधिक वृद्धि का प्रस्ताव उप जिला मूल्यांकन समिति द्वारा किया गया था। समिति के सदस्य विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी द्वारा आपत्ति व्यक्त की गयी। उक्त आपत्ति पर समिति के सभी सदस्यों द्वारा विचार किया गया व आपत्ति मान्य करते हुये बढ़ी हुई दरों को 50 प्रतिशत नीचे का प्रस्ताव पारित किया गया। नईसराय बीसोर व मुस्यावदा को भी सामान्य गांव की तरह मूल्यांकन करने का प्रस्ताव पारित हुआ। गाईडलाईन प्रस्ताव पर आमजन 12 मार्च तक अपने सुझाव जिला पंजीयक कार्यालय अशोकनगर, उप पंजीयक कार्यालय अशोकनगर, उप पंजीयक कार्यालय मुंगावली, उप पंजीयक कार्यालय ईसागढ़ एवं उप पंजीयक कार्यालय चंदेरी में दे सकते हैं।

## करीला धाम से वापिस लौट रही भीड़ को लेकर, ट्रेनें भरकर चली, वाहनों का निकला काफिला

# करीला धाम रात में जगमगाता हुआ आया नजर, उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





तीन दिवसीय करीला मेले का समापन हो गया है हालांकि सोमवार को मेले का आखिरी दिन था लेकिन मेले का मूल आयोजन रंगपंचमी को होता है। इस मेले के समापन के बाद मेले में आए यात्री वापिस लौटते हुए देख गए। सड़कों पर वाहनो का काफिला देखा गया तो रेलवे स्टेशन पर राजस्थान की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ नजर आई। अन्य स्थानों की ओर जाने वाले ट्रेनों में भी यह स्थिति देखी गई जिसमें बीना गुना ट्रेन भी शामिल है और राजगढ, गुना , उज्जैन की ओर जाने वाली ट्रेनों में भी ऐसी ही भीड नजर आई।

जिले के प्रसिद्व करीला धाम मे आयोजित मेले मे लाखों की भीड़ पहुंचने के बाद इस भीड का वापिस पहुचना शुरू हो गया है। इस भीड के कारण अशोकनगर जिले की सडको पर वाहनो का काफिला नजर आया। वाहनो के उपर बैठकर लोग आते जाते देखे गए। उधर दूसरी ओर यहा से गुजरने वाली यात्री टेनो मे भी भारी भीड भाड रही। जिले के प्रसिद्व करीला धाम मे इस वर्ष पिछले मेलों की तुलना में श्रद्धालुओं की संख्या मिली जुली रही। लगभग 20 लाख श्रद्धालु मेले में पहुंचे थे। मेले मे दिन मे ही इतनी भीड हो गई थी कि भीड को संभाल पाना मुश्किल हो रहा था। पूरी रात श्रृदालुओं का करीला पहुचना जारी रहा।

**रविवार और सोमवार की रात करीली मेला रोशनी से जगमगाता नजर आया** सोमवार की सुबह से ही श्रृदालुओ का वापिस लौटना भी शुरू हो गया। श्रृदालुओ को जो भी साधन मिले वह उन साधनो से वापिस लौटते देखे गए। जो श्रृदालु यहा से चलने वाली बसो से गए थे। वह उन बसो से वापिस लौटते देखे गए। जो श्रृदालु अपने साथ साधन जुटाकर पहुचे थे। वह श्रृदालु उन साधनो से वापिस लौटते देखे गए। यहा की सडको पर करीला धाम की ओर से आने वाले वाहनो का काफिला नजर आया । जो बाहर के वाहन थे वह वाहन अशोकनगर से जाते हुए देखे गए। शहर की खान पान की दुकानो पर बाहर की भीड अपनी पंसद की सामग्री का उपयोग करते देखी गई।

**रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ रही** अशोकनगर स्टेशन पर राजस्थान की ओर जाने वाले लोगो की भीड देखी गई। राजस्थान राज्य के कोटा और बारां जिले से यह श्रृदालु हर बार की तरह इस मेले मे शामिल होने पहुचे थे। अशोकनगर से कोटा की ओर जाने वाली बीना कोटा टेन को लेकर स्टेशन पर लोगो की भीड नजर आई जैसे ही टेन अशोकनगर पहुचने को हुई जैसे ही टेन पहुची लोगो की भीड टेन पर टूट पडी। जिसको जहा जगह मिली वह उस डिब्बे मे बैठ गया। यही स्थिति उज्जैन की ओर जाने वाली साबरमति एक्सप्रेस की रही। इस दौरान रेल प्रशासन को यह ऐलान करना पडा कि साबरमती एक्सप्रेस मे यात्री सामान्य डिब्बो मे ही बैठे। लेकिन भीड कहा सुनने वाली थी। यहा भी यात्रियो ने वही किया जहा जगह मिली वही यात्री बैठ गए।



**नृत्यांगनाए श्रंगार करते हुए देखीं गईं** अशोकनगर स्टेशन पर राजस्थान की ओर से आई नृत्यांगनाए भी स्टेशन पर ही श्रृंगार करते हुए देखी गई। कुछ नृत्यांगनाओ को करीला मेले मे हुई आय के नोट गिनते हुए देखा गया। इस दौरान नृत्यांगनाओ ने कहा कि इस बार करीला का मेला उनके लिए आय का सबसे बडा साधन रहा। उन्होने कहा कि करीला मेले से उन्हे अच्छी आया हो जाती है। वह हर वर्ष मेले मे आती है। जैसा अशोकनगर मे भीड भाड का माहौल रहा वैसा ही पडौसी जिलो मे भी रहा। चाहे वह विदिशा जिले की बात हो सागर, ललितपुर,शिवपुरी और गुना की बात हो सभी मार्गो की तरफ वाहन जाते देखे गए। इस बार मेले मे रीवा ,पन्ना, सतना, छतरपुर, टीकमगढ,झॉसी ,भोपाल ,कोटा अलवर,व्याबर, इंदौर,सहित देश भर के विभिन्न राज्यो से लोगो को यहा जानकी माता के दरबार मे देखा गया। अभी श्रद्धालु लौट रहे हैं।